<u>समाचार</u>

# रैनवाटर हार्वेस्टिंग पर कार्यशाला 13 जून को आडिटोरियम में

## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल करेंगी कार्यशाला का शुभारंभ)

कोरबा 12 जून 2019 —रैनवाटर हार्वेस्टिंग के संबंध में जिला स्तरीय कार्यशाला सह ओरिएन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन 13 जून 2019 को दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर स्थित आडिटोरियम में किया गया है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में कार्यशाला का उद्घाटन करेंगी, निगम द्वारा आमनागरिकों से अपील की गई है कि वे कार्यशाला में अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति प्रदान करें।

रैनवाटर हार्वेस्टिंग प्रशिक्षण एवं एक दिवसीय निर्माण अभियान हेतु निर्धारित समयबद्ध कार्यक्रम के तहत जिला स्तर, विकासखण्ड स्तर, नगरीय क्षेत्रों में जोन स्तर तथा जिले के सभी नगरीय निकायों में विविध आयोजन विभिन्न तिथियों में किए जाने हैं, इसी कड़ी में जिला स्तरीय रैनवाटर हार्वेस्टिंग कार्यशाला का आयोजन 13 जून को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम टी.पी. नगर कोरबा में किया गया है। आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए कार्यशाला का उद्घाटन करेंगी, इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। निगम द्वारा विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों, प्रेस मीडिया के प्रतिनिधियों, व्यवसायिक एवं सामाजिक संगठनों तथा आमनागरिकों से अपील की गई है कि वे उक्त कार्यशाला में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के संबंध में आयोजित इस कार्यशाला का लाभ उठावें।